प्रेस विज्ञप्ति

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

दिनांक- 10.06.2026

जनपद शाहजहाँपुर में तैनात महिला मुख्य आरक्षी ने प्रथम वर्ल्ड योगासन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अर्जित कर जनपद एवं पुलिस विभाग को गौरवान्वित किया।

जनपद शाहजहाँपुर में तैनात महिला मुख्य आरक्षी रितु (पीएनओ-212671673), वर्तमान तैनाती– थाना खुदागंज, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद शाहजहाँपुर एवं उत्तर प्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया गया है। दिनांक 04 जून 2026 से 08 जून 2026 तक अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित प्रथम वर्ल्ड योगासन चैंपियनशिप में महिला मुख्य आरक्षी रितु ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत दिनांक 06 जून 2026 को आयोजित ट्रेडिशनल इंडिविजुअल इवेंट में उन्होंने उत्कृष्ट योग कौशल, संतुलन एवं अनुशासित प्रदर्शन का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया।

उल्लेखनीय है कि महिला मुख्य आरक्षी रितु वर्ष 2023 से 06वीं वाहिनी पीएसी, मेरठ की योगा टीम के साथ निरंतर अभ्यास एवं प्रशिक्षण प्राप्त करती रही हैं। नियमित प्रशिक्षण, कठिन परिश्रम, समर्पण तथा खेल भावना के परिणामस्वरूप उन्होंने यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त कर उत्तर प्रदेश पुलिस एवं जनपद शाहजहाँपुर पुलिस को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपरांत महिला मुख्य आरक्षी रितु को वर्ल्ड योगासन भारत के निदेशक डॉ. जयदीप आर्या एवं अहमदाबाद के माननीय विधायक श्री हर्षद पटेल द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। महिला मुख्य आरक्षी रितु की इस उपलब्धि पर पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों, सहकर्मियों एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उनकी यह सफलता विभाग में कार्यरत अन्य कार्मिकों, विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणादायी है तथा खेल एवं योग के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु उत्साहवर्धक उदाहरण प्रस्तुत करती है।

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस परिवार महिला मुख्य आरक्षी रितु को इस उपलब्धि हेतु हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करता है।